

# वीसी के माध्यम से एसआईआर अभियान की समीक्षा




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव विनोद कुमार द्वारा आज प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

एनआईसी कक्ष श्योपुर में उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने जानकारी दी कि श्योपुर जिले में एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) वितरण का कार्य 99.76 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान आदि उपस्थित रहें।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जिलेवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

आयोग द्वारा एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण के उपरांत कलेक्शन तथा बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन की गति को और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वितरित किये जा रहे गणना फार्मो को 25 नवंबर तक भरवाकर पुन: प्राप्त कर लिया जायें। उन्होंने सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर सुपरवाइजरों को बीएलओ के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि वितरण के पश्चात् एन्यूमरेशन फॉर्म का संग्रह कर उनका डिजिटाइजेशन बीएलओ ऐप के माध्यम से तत्परतापूर्वक कराया जायें।

## सड़क दुर्घटना में सिफ्ट कार की टक्कर से एक घायल

**श्योपुर, 16 नवंबर।** थाना वीरपुर सडक दुर्घटना - फरि. महेश पुत्र बद्री केवट उम्र 29 साल नि. ग्राम रायडी थाना टैंटरा सबलगढ मुरैना ने रिपोर्ट की कि दि. 11.11.25 के 16.00 से 16.30 बजे स्थान बड़ा गांव तिराहे के पास मंदिर के सामने आरोपी अज्ञात सिफ्ट का चालक ने अपनी गाडी को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया । दि. 14.11.25 के 16.57 बजे अप. क्र. 96/25 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया हैं।

## पुरानी जमीन को लेकर दो जगह विवाद

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** थाना कराहल मारपीट फरि लाल पुत्र हल्के कुशवाह उम्र 30 साल नि. कुशवाह मोहल्ला ने रिपोर्ट की कि दि. 15.11.25 के 19.15 से 19.25 बजे स्थान फरिया के घर के पास आरोपी हरीशंकर कुशवाह नि. कराहल ने फरिया. को पुराने जमीनी विवाद की बात पर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 15.11.25 के 20.07 बजे अप. क्र. 196/25 धारा 115 (2),296,351 (2) बीएनएस कायम कर लिया हैं। **वहीं थाना कराहल** मारपीट फरि. गंगाराम पुत्र गणेशा आदि. नि. बड़ा तालाब कराहल ने रिपोर्ट की दिनांक 15.11. 25 के 2:45 से 3:00 बजे स्थान बड़े तालाब के पास फरि. का खेत पर आरोपी छुट्टन पुत्र मोतीलाल कुशवाह हीरालाल पुत्र मोतीलाल , अरविंद पुत्र मोतीलाल , शियाबाई पत्नी मोतीलाल नि. गण उधमपुरा मोहल्ला कराहल ने पुरानी जमीन विवाद को लेकर फरि. का जातिगत अपमान करते हुए मां बहन की गंदी-गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी दिनांक 15.11.25 के 6:00 अप.क्र. 194/25 धारा 115 (2), 296, 251 (2) 3(5) बीएनएस 3(1) द, 3(1)ध, व्हीए एससी, एसटी एक्ट कायम कर लिया हैं।

## एमएसएमई प्रोत्साहन योजना में बड़े निवेश पर लाभ, शहर में नवाचार की पहल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से लागू की गई एमएसएमई प्रोत्साहन योजना युवा उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है। छोटे लघु उद्योगों को विकसित करने के लिए सरकार आकर्षक प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करा रही है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा जिले में उद्योगों को बढावा देने के लिए सतत् रूप से कार्य किया जा रहा है, शासन की मंशा के अनुरूप जिले में निवेश



प्रोत्साहन केन्द्र की स्थापना की गई है तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अंतर्गत उद्यमियों को विभिन्न लाभ प्रदान किये जा रहे है।

श्योपुर जिले में बायोफ्यूल आधारित इंडस्ट्रीज की स्थापना नवाचार की दिशा में एक पहल है। युवा उद्यमी मेघा मंगल ने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खातौली रोड पर बगवाडा गांव के निकट बायोफ्यूल ब्रिकेट्स एवं पैलेट्स निर्माण की इकाई मैसर्स एसआर ब्रिकेट्स स्थापित की गई है। यह इंडस्ट्री पर्यावरण के प्रति संवदेनशीलता और नवाचार कार्यो के विचार को भी दर्शाती है। इस इंडस्ट्रीज में 3 करोड 93 लाख रूपये का निवेश किया गया है, जिस पर सरकार की ओर से एमएसएमई प्रोत्साहन के तहत 1 करोड 26 लाख 72 हजार रूपये की सहायता राशि दी गई है। सरकार जितना बडा निवेश, उतनी ही मदद युवाओं को औघोगिक क्षेत्र में आगे बढाने के लिए प्रदान कर रही है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी यह बडा कदम है, महिला युवा उद्यमी श्रीमती मेघा मंगल कहती है कि उनके इस उद्योग को सफल बनाने में मध्यप्रदेश सरकार की एमएसएमई प्रोत्साहन योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस योजना के तहत उन्हें सवा करोड के लगभग सहायता राशि मिली है। जिसने उनके व्यवसाय को स्थिरता और विस्तार दिया है। मध्यप्रदेश की सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों से उद्यमियों को निरंतर लाभ मिल रहा है। वे बताती है कि उनकी इस इंडस्ट्रीज के माध्यम से 7 अन्य लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है।

## पीएम जनमन अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक की 17 सड़कें बनेंगी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशन में पीएम जनमन योजना अंतर्गत आदिवासी बस्तियों एवं ग्रामों में विभिन्न अधोसंरचनात्मक विकास कार्य जारी है। इसी क्रम में पीएम जनमन अंतर्गत 15 करोड 32 लाख लागत की 17 सडके बनेगी, जिनका गत दिवस जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भूमिपूजन संपन्न हुआ। इन सडको के निर्माण से विभिन्न आदिवासी ग्रामों को सुगम आवागमन उपलब्ध होगा, बारहमासी सड़को के निर्माण से इन ग्रामों के विकास को गति मिलेगी। सडको का निर्माण पीएमजीएसवाय द्वारा किया जा रहा है।

इन सडको में भीकापुर फाटक से डाबली सहराना तक लागत 1.43 करोड, मदनपुरा से मदनपुरा काकड तक लागत 76 लाख, लहरौनी से चांदपुर तक लागत 94 लाख, बुढेरा रोड से जालेरा बीस कॉलोनी तक लागत 1.59 करोड, कराहल बरगवा रोड से प्रेमनगर आदिवासी बस्ती तक लागत 30 लाख, टिकटोली से हथेडी तक लागत 1.42 करोड, शिवपुरी श्योपुर रोड से खोरी आदिवासी बस्ती तक लागत 80 लाख, टिकटोली सडक से पटारी तक लागत 51 लाख, श्योपुर शिवपुरी रोड से कलमी ककरधा तक लागत 90 लाख, मोराई रोड से किशनपुरा आदिवासी बस्ती तक लागत 43 लाख, सरजूपुरा रोड से सावडी आदिवासी बस्ती तक लागत 35 लाख, सोईकलां से खुरखुरा आदिवासी बस्ती तक लागत 71 लाख, बगदरी रोड से खैरघटा छोलघटा तक लागत 1.31 करोड, ढोढर रोड से ढीमचौतरा तक लागत 90 लाख, ढोढर रोड सेमल्दा से नसीरपुरा तक लागत 1.34 करोड, कॉलोनी से कलोनी महाराजपुरा तक लागत 55 लाख एवं आवदा अजापुरा रोड से पानी की टंकी के पास अजापुरा तक लागत 1.06 करोड़ शामिल है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

**शिवपुरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में अपेक्षित प्रगति न लाने और गंभीर लापरवाही बरतने पर शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र-25 के भाग संख्या 69 के बीएलओ अफाक अहमद कुरैशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान दिशा-निर्देशों के तहत बीएलओ को अपने क्षेत्र में गणना पत्रक का वितरण एवं संबंधित जानकारी को ऑनलाइन अपलोड करना था। किंतु श्री कुरैशी द्वारा निर्धारित सात दिवस की अवधि बीत जाने के बाद भी 1417 में से मात्र 468 गणना पत्रक वितरित किए गए, जो कुल कार्य का केवल 33.02 प्रतिशत है। इस प्रकार उनके कार्य में गंभीर शिथिलता और उदासीनता स्पष्ट पाई गई।

## जनजातीय गौरव दिवस पर युवा संवाद आयोजित






**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के तीनों विकासखंड श्योपुर, कराहल और विजयपुर में एम एसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू कक्षाओं के छात्रों के साथ संगोष्ठी एवं युवा संवाद आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, त्याग, समर्पण और उनके न्याय व स्वतंत्रता के मूल्यों से अवगत कराना रहा। यह आयोजन कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड के निर्देश व जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

श्योपुर विकासखंड में संगोष्ठी के मुख्य वक्ता समाजसेवी जयसिंह जादौन रहे। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान का नेतृत्व किया।

## रबी फसल के लिए मिलेगा किसानों को पर्याप्त पानी

### चंबल दाहिनी मुख्य नहर में हुई पानी की उपलब्धता

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा ने कहा है कि रबी फसल के लिए श्योपुर जिले के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा। वर्तमान में भिण्ड एवं मुरैना की डिमांड अनुसार कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में छोडा गया पानी पार्वती एक्वेडेक्ट पर आज प्रात: 07 बजे के लगभग उपलब्ध हो गया है। उन्होने बताया कि गांधी सागर, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर, कोटा बैराज बांध पूर्ण क्षमता के साथ भरे हुए है, इससे चंबल दाहिनी मुख्य नहर में



पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा।

कार्यपालन यंत्री जल संसाधन चैतन्य चौहान ने जानकारी दी कि भिण्ड एवं मुरैना की 1500 क्यूसेक पानी की डिमांड अनुसार आज सुबह 07 बजे के लगभग पार्वती एक्वेडेक्ट पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। उन्होने बताया कि दोपहर 02 बजे तक चंबल एक्वेडेक्ट पर 1346 क्यूसैक पानी डिस्चार्ज हुआ है, जो धीरे-धीरे बढकर 1500 क्यूसैक तक पहुचेंगा। श्योपुर जिले के लिए मांग अनुसार कोटा बैराज से नहर में पानी की मात्रा बढाई जायेगी, उन्होने बताया कि रबी फसल की डिमांड अनुसार 25 नवंबर के आसपास नहर में पानी की मात्रा बढा दी जायेगी। श्योपुर जिले में इस नहर से 78 हजार 665 हेक्टयर एरिया में सिंचाई होती है।

## विधायक ने किया भूमि पूजन, विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा : विधायक




**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 16 नवम्बर।** आपने आशीर्वाद देकर मुझे विधायक बनने का जो अवसर मुझे दिया है उसके लिये मैं आजीवन आप लोगों का आभारी रहूंगा यह बात सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने बहु प्रतीक्षित लोक निर्माण विभाग से बनने वाली एक करोड़ इकतालीस लाख? बियालीस हजार लागत से निर्मित होने वाले नीमडांढा से किटाना रोड के भूमि पूजन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही, आगे उन्होने कहा कि यह रोड अति आवश्यक थी जब भी मैं यहाँ आता था इसकी मांग होती थी और जरूरत भी कुछ ज्यादा थी अब इसके बनने से मंगरौल से सीधे रुहेरा पहुंचने में यह सड़क बहुत सहायक होगी पहले तो लोक निर्माण विभाग की सड़कें न होने से विभाग ही यहाँ से चला गया था मैंने शासन को पत्राचार किया है कि विभाग का सब डिवीजन पुन: सेंवढा में खोला जाये विभाग के आने से सडकों का रख रखाव तथा नई सड़कों की पूरी संभावनाएं रहेंगी, लगातार सड़क निर्माण कार्य अपनी विधानसभा में स्वीकृत हो रहे हैं ,प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विकास कार्यों के लिये भरपूर बजट दिया जा रहा है क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडी जायेगी उन्होंने इस अवसर पर रोड के ठेकेदार को सख्त हिदायत दी की रोड गुणवत्तापूर्ण बने गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए, ताकि लंबे समय तक यह रोड जनहित में काम आये । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल सेवड़ा के अध्यक्ष मुकेश चौधरी के अलावा भाजपा नेता प्रवीण गोस्वामी भास्कर गुप्ता मनमोहन दीक्षित धीरेंद उदैनियां चंद्रपाल सिंह भदोरिया करू यादव, राम लखन सिंह भवानी मांझी, कल्लू यादव , मुन्ना बघेल आदि उपस्थित रहे निर्माण एजेंसी सांई इंटरप्राइजेज ग्वालियर के प्रोपराइटर बृजेश तोमर द्वारा समस्त उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी राजकुमार मिश्रा, रवि सारस्वत, ठेकेदार वीर भदौरिया, गिरिराज भदौरिया, दीपक सोनी,संदीप तोमर के अलावा ग्राम वासी कृपाल सिंह चौहान, राकेश सिंह चौहान ,राकेश सिंह गौर, बादशाह सिंह चौहान, गोटे सिंह चौहान, अनु चौहान वकील साहब, प्रधान सिंह चौहान, रविंद्र सिंह चौहान ,रामू चौहान ,अभिलाख सिंह चौहान, महादेव सिंह परमार, किशन सिंह परमार, संग्राम सिंह चौहान ,शैलेंद्र परमार ,जीतू चौहान, सविंद्र सिंह चौहान, वीरेन्द्र सिंह गौर आदि उपस्थित रहे ।



## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया गणना फार्म वितरण कार्य का जायजा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 16 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म का वितरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा श्योपुर शहर के भाग संख्या 165 टेलीफोन एक्सचेंज क्षेत्र में मतदाताओं को वितरित किये जा रहे गणना फार्म कार्य का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होने मतदाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि गणना फार्म को भरकर वापस बीएलओ को जमा करायें जायें। फार्म भरने में किसी प्रकार की कठिनाई हो तो बीएलओ तथा हेल्पडेस्क से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## विधायक ने फीता काटकर बाल मेले का किया उद्घाटन

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 16 नवम्बर।** नगर कामद रोड़ संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदरगढ़ में बाल मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर कुशवाहा स्कूल परिवार द्वारा सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल एवं सभी अतिथियों का माला सोल श्रीफल



से स्वागत सम्मान किया गया इसके बाद सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा सभी नन्हे मुन्ने बच्चों को शील्ड देकर उनको सम्मानित किया इसी क्रम में मंच पर उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे भाजपा जिला उपाध्यक्ष भज्जू राय भास्कर गुप्ता डी एस यादव राकेश खटीक अमजद खान सोनू गुप्ता बलवीर कुशवाहा संतोष खटीक राजू लक्षकार लोकेंद्र यादव बरकत खान पत्रकार सुरेंद्र श्रीवास्तव पत्रकार आदित्य दांतरे पत्रकार अनुप जाट पवन पाठक स्कूल प्राचार्य जितेंद्र समाधिया स्कूल के सभी टीचर्स गढ़ सभी अभिभावक गढ़ नन्हे मुन्ने बच्चे आदि लोग उपस्थित रहे ।

## ऐतिहासिक जीत पर जश्न, विधायक ने की आतिशबाजी और बांटी मिठाइयाँ

**इंदरगढ़।** बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रचंड बहुमत के साथ दर्ज की गई ऐतिहासिक जीत का जश्न शुक्रवार को इंदरगढ़ में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। स्थानीय भाजपा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ भव्य आतिशबाजी की तथा सबको मिठाइयाँ खिलाकर जीत की बधाई दी। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि 'यह केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और जनविश्वास की जीत है। जनता ने फिर एक बार दिखा दिया है कि वे स्थिरता और प्रगति के साथ आगे बढ़ना चाहती है। भाजपा सरकार ने बिहार में विकास की जो गंगा बहाई है, उसी पर जनता ने अपना भरोसा जताया है।विधायक ने कार्यकर्ताओं और उपस्थित नागरिकों के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। उनका कहना था कि इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ा है तथा आने वाले समय में प्रदेश और देश के विकास की गति और तेज़ होगी।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल-ढमाकों के साथ जश्न मनाया पूरे कार्यक्रम में उत्सव का माहौल देखने को मिला।कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालने के साथ पार्टी के झंडे लहराए और 'भाजपा ज़िंदाबाद' तथा 'प्रधानमंत्री मोदी ज़िंदाबाद' के नारे लगाए।जश्न के मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश दातरे,भास्कर गुप्ता,डीएस यादव पार्षद अखिलेश सेन, कल्याण सिंह पटवा, सोनू गुप्ता, अमजद खान, संतोष खटीक, राममिलन यादव, जोगेंद्र सिंह जाट, देवेंद्र गुर्जर, पवन पाठक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।इंदरगढ़ में आयोजित यह कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर प्रचंड जीत का स्वागत किया।

## एक नजर में

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 19 को

श्योपुर, 16 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय श्योपुर की रोगी कल्याण समिति कार्यकारणी की बैठक 19 नवंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित होगी। बैठक में आरकेएस के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

### जेवरों की बात पर गाली-गलोच, मारपीट

थाना विजयपुर मारपीट ग्राम दौर्द थाना विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 13.11.25 के 07.00 बजे स्थान फरिया. का घर ग्राम दौर्द आरोपीगण दीरा पुत्र इमरता रावत, कल्लू पुत्र इमरता रावत, रमेशी पत्नी इमरता रावत नि.गण सदर ने फरिया को पछ में बने जेवरो की बात पर से गन्दी गन्दी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 14.11.25 के 17.22 बजे अप. क्र. 433/25 धारा 115 (2),296 (ए), 351 (3), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### सट्टा खिलाते एक सटोरिया पकड़ा

थाना विजयपुर सटोरिया पकडा आरोपी राशिदर पुर मुन्ना खांन उम्र 38 साल नि. मुसलमान मोहल्ला वार्ड क्र. 02 विजयपुर को दि. 14.11.25 के 18.35 बजे स्थान वर के पेड़ के नीचे किला मोहल्ला विजयपुर आरोपी सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाते पकड़ा कब्जे से 1705/- रु. नगदी एवं 01 पेन जप्त की । दि. 14.11.25 के 21.35 बजे अप. क्र. 434/25 धारा 4(क) सट्टा एक्ट कायम कर लिया हैं।

### फांसी लगाने से एक की मृत्यु

थाना बरगवां मर्ग सू.क. अंजू पत्नी हरिओम शर्मा उम्र 50 नि. बरगवां ने बताया कि दि. 15.11.25 के शाम 06.00 बजे स्थान सू.क. का घर ग्राम बरगवां पर मृतक सागर पुत्र हरिओम शर्मा उम्र 27 साल नि. बरगवां की मृत्यु फांसी लगाने से हो गई । दि. 15.11.25 के 20.50 बजे मर्ग क्र. 12/25 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### घरेलू विवाद की बात पर तीन ने एक को पीटा

थाना वीरपुर मारपीट फरि. सीमा पत्नी रामवीर कुशवाह उम्र 24 साल नि. श्यामपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 13.11.25 के 21.00 बजे स्थान फरिया का घर श्यामपुर पर आरोपीगण धप्पोबाई कुशवाह , रामवीर कुशवाह ,सुमन कुशवाह नि. गण श्यामपुर ने फरिया को घरेलू विवाद की बात पर गंदी-गंदी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 15.11.25 के 14.29 बजे अप. क्र. 97/25 धारा 115 (2),296,351 (3), 3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### दुकान से बीडी पुड़िया लेने की बात पर गाली-गलौच

थाना रघुनाथपुर मारपीट फरि. रामअवतार पुत्र केदार माली उम्र 28 साल नि. वरी का हार रघु ने रिपोर्ट की कि दि. 11.11.25 के 19.40 से 19.50 बजे स्थान मनोहर सिंह की गुमठी के सामने रावतपुरा फाटक रघु. पर आरोपी अज्ञात 03 ने फरि की दुकान से बीडी पुड़िया लेने की बात पर से गंदी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 15.11.25 के 17.02 बजे अप. क्र. 74/25 धारा 115(2),296 (ए),351 (3), 3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### दहेज मांगने की बात से महिला ने जहर खाया, हुई मौत

थाना रघुनाथपुर दहेज प्रताड़ना में मृत्यु फरि. हरिविलास पुत्र मुर्शी बंजारा उम्र 74 साल नि. धोकड़ी वावड़ी थाना रघु ने रिपोर्ट की दि. 13.05.22 से 25.10.25 तक स्थान मृतिका का ससुराल ग्राम धोकड़ी पर मृतिका मनीषा पत्नी विनोद बंजारा उम्र 25 साल नि. धोकड़ी रघु. की मृत्यु दहेज मांगने की बात से प्रताड़ित होकर जहर खाने से हो गयी । दि. 15.11.25 के 19.42 बजे अप. क्र. 75/25 धारा 80 (2), 85 बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### दस लीटर कच्ची शराब जप्त

थाना बरगवां 10 ली. हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब पकड़ी आरोपी मिट्ठू बंजारा पुत्र शंभू बंजारा उम्र 24 साल निवासी ग्राम गोरस हाल गड़ला थाना बरगवां को दिनांक 15.11. 25 के 10.27 बजे स्थान कांजी पटेलिया का खेत पाली रोड़ बरगवां के कब्जे से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब 10 ली. कीमती ?1000/- की जप्त की दिनांक 15.11.25 के 12:09 बजे अप. क्र. 57/25 धारा 34 आबकारी एक्ट कायम कर लिया हैं।

### सात लीटर अवैध शराब जप्त

थाना ढोढर अवैध शराब पकडी आरोपी सचिन पुत्र पप्पू जाटव उम्र 28 साल नि. जाटव मोहल्ला ढोढर को दि. 14.11.25 के 17.37 बजे स्थान बंजारा मोहल्ला ढोढर कब्जे से कच्ची शराब 07 ली. कीमती 700/-रु. की जप्त की । दि. 14.11.25 के 18.23 बजे अप. क्र. 105/25 धारा 34 आब एक्ट कायम कर लिया हैं।

### कागज दिखाने की बात पर मारपीट

थाना ढोढर मारपीट फरि. उत्तम पुत्र अमर सिंह माली उम्र 25 साल नि. ग्राम टर्राकला थाना ढोढर ने रिपोर्ट की कि दि. 14.11.25 के 18.30 बजे स्थान पारम नदी के पुल के पास ढोढर आरोपीगण संदीप रावत नि हासिलपुर 02 अज्ञात व्यक्ति ने फरि को कागज दिखाने की बात पर से मारपीट की एवं गालियां दी । दि. 14.11.25 के 21.24 बजे अप. क्र. 106/25 धारा 115 (2), 296ए, 3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### खेत में से ट्रैक्टर निकालने की बात पर मारपीट

थाना देहात मारपीट फरि सत्यनारायण पुत्र गोवरीलाल बैरवा उम्र 32 साल नि. पनपठा थाना देहात हाल नि. ननावद थाना देहात श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 14.11.25 के 17.30 बजे स्थान आरोपी राजेन्द्र गुर्जर का खेत ग्राम पनपठा देहात आरोपी राजेन्द्र गुर्जर नि. ग्राम पनपठा थाना देहात ने फरि का रस्ता रोककर खेत में से टैक्टर निकालने की बात पर से जातिसूचक गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 14.11.25 के 21.49 बजे अप. क्र. 304/25 धारा 115(2),126(1),296 (ए),351(2) बीएनएस 3 (1) द, 3 (1)ध, 3 (2) व्हीए एससीएटी एक्ट कायम कर लिया हैं।

### कराहल में लोकोत्सव 29 से

श्योपुर, 16 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर दो दिवसीय लोकोत्सव का आयोजन 29 नंवबर से होगा। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि लोकोत्सव के दौरान मध्यप्रदेश एवं पडोसी राज्यों के लोक गायन और विविध नृत्यों की प्रस्तुति होगी।